>

Title: Need to give special package to Poorvanchal.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): सभापति महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के किसानों की समस्याओं के बारे में बताना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश एक ऐसी जगह है, जो सबसे पिछड़ा है और वहां हर साल नदियों में बाढ़ आती है। वहां घाघरा, राप्ती, फुहानो तथा गंडक नदियां हैं, जिनकी वजह से वहां के किसानों को बड़ा नुकसान सहना पड़ता है और यहां तक होता है कि उन्हें दूसरे गांवों और प्रदेशों में पलायन तक करना पड़ता है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए सरकार से हम आग्रह करते हैं कि स्पेशल पैकेज देकर पूर्वांचल के लोगों की आर्थिक स्थिति, जो बिगड़ी हुई है, इसको सुदृढ़ करने के लिए केंद्र सरकार विशेष रूप से ध्यान दे। **...**(व्यवधान) क्योंकि हर बार बाढ़ और तमाम आपदाओं से वहां के लोग जूझते हैं। **...**(व्यवधान) वहां के लोगों के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता है। **...**(व्यवधान) इसलिए केंद्र सरकार के जरिए पूर्वांचल के लोगों के लिए विशेष आर्थिक सहयोग की व्यवस्था होनी चाहिए। **...**(व्यवधान) हम आपके जरिए भारत सरकार से यह अपील करते हैं। **...**(व्यवधान)